कोड नं. **61/2/2**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **18 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **18** printed pages and **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*(ii)* ***दो*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर (खण्ड क — प्रश्न संख्या 1 से 3)* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iii)* ***पाँच*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर (खण्ड ख — अनुभाग I से IV – प्रश्न संख्या 4 से 11)* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।* ***खण्ड ख में अनुभाग IV मूल्यपरक प्रश्न है ।***

*(iv)* ***दस*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर (खण्ड ग — प्रश्न संख्या 12 एवं 13)* ***500*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड घ वाले प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं । (आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं) (खण्ड घ — प्रश्न सं. 14, 15, 16)*

*(vi)* *उत्तर-पुस्तिका के साथ मानचित्र को संलग्न कीजिए (खण्ड ङ – प्रश्न सं. 17.1 और 17.2) ।*

***General Instructions :***

*(i)* *Answer* ***all*** *the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

*(ii)* *Answer to questions carrying* ***2*** *marks (Part A — Question No. 1 to 3) should not exceed* ***30*** *words each.*

*(iii)* *Answer to questions carrying* ***5*** *marks (Part B — Section I to IV – Question No. 4 – 11) should not exceed* ***100*** *words each.* ***Part B, Section IV is a value based question****.*

*(iv)* *Answer to questions carrying* ***10*** *marks (Part C — Question No. 12 and 13) should not exceed* ***500*** *words each.*

*(v)* *Part D questions are based on 3 sources. (Internal choices are also given) (Part D — Question No. 14, 15, 16)*

*(vi)* *Attach the map with the answer-book (Part E — Question No. 17.1 and 17.2).*

## खण्ड क
## PART A

*नीचे दिए **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

*Answer **all** the questions given below :*

**1.** छठी शताब्दी ई.पू. के बाद के मुद्राशास्त्र ने अनेक साम्राज्यों के इतिहास के पुन:निर्माण के लिए इतिहासकारों की किस प्रकार सहायता की ? दो उदाहरण दीजिए । *2*

How did numismatics of the sixth century BCE onwards help the historians to reconstruct the past of the various kingdoms ? Give two examples.

**2.** औपनिवेशिक सरकार जनगणना करवाने के लिए क्यों इच्छुक थी ? दो कारण दीजिए । *2*

Why was the colonial government keen on conducting census ? Give two reasons.

**3.** धर्म के इतिहासकारों ने भक्ति परंपरा को कैसे बाँटा है ? उल्लेख कीजिए । *2*

State how historians of religion have classified Bhakti tradition.

## खण्ड ख
## PART B
### अनुभाग I
### SECTION I

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

*Answer any **two** of the following questions :*

**4.** इतिहासकारों ने महाभारत का विश्लेषण करते समय जिन प्रमुख पहलुओं पर विचार किया, उनको स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain the key elements taken into consideration by the historians to analyze the Mahabharata.

**5.** साँची के स्तूप को समझने में बौद्ध साहित्य के ज्ञान ने किस प्रकार मदद की ? स्पष्ट कीजिए । *5*

How does the knowledge of Buddhist literature help in understanding Sanchi Stupa ? Explain.

**6.** हड़प्पा सभ्यता के लोगों ने विश्व-भर में कहाँ तक व्यापारिक संबंधों का विस्तार किया ? स्पष्ट कीजिए । *5*

To what extent had the Harappa people established trade relations with the world ? Explain.

## अनुभाग II

## SECTION II

*निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :*

*Answer any **one** of the following questions :*

**7.** 16वीं – 17वीं शताब्दियों के दौरान मुगल साम्राज्य के अन्तर्गत कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain the role of women in agrarian society during the $16^{th}$ – $17^{th}$ centuries of Mughal Empire.

**8.** विजयनगर साम्राज्य के 'विरुपक्ष मंदिर' की विशिष्ट विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain the distinctive features of 'Virupaksha Temple' of Vijayanagara Empire.

## अनुभाग III

## SECTION III

*निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :*

*Answer any **one** of the following questions :*

**9.** 1861 के अमेरिकी गृह युद्ध ने भारत में रैयत समुदाय के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain how the American Civil War affected the life of ryots of India after 1861.

**10.** "ये गिलास फल (चैरी) एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा ।" इस कथन के संदर्भ में लार्ड डलहौज़ी की अवध के अधिग्रहण की नीति को सविस्तार समझाइए । *5*

"A cherry that will drop into our mouth one day." In the context of this statement, elaborate Dalhousie's policy of Awadh annexation.

## अनुभाग IV

## SECTION IV

### (मूल्य आधारित प्रश्न / Value Based Question)

**11.** (11.1) भारत के विभाजन के समय गाँधीजी के कार्यों में धर्मनिरपेक्षता की भावना किस प्रकार दिखाई पड़ती है ? दो उदाहरण दीजिए । *2*

(11.2) समकालीन भारत में साम्प्रदायिकता की समस्याओं को सुलझाने में धर्मनिरपेक्षता के मूल्य प्रासंगिक कैसे हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

(11.1) How was the spirit of secularism reflected in the acts of Gandhiji during the partition of India ? Cite two examples.

(11.2) How are the values of secularism relevant to resolve communal problems in contemporary India ? Explain.

## खण्ड ग (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)
## PART C (Long Answer Questions)

**12.** "असहयोग आंदोलन, भारत और गाँधीजी के जीवन के एक युग का ही नाम है ।" अमरीकी जीवनी-लेखक लुई फ़िशर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *10*

**अथवा**

1947 में भारत के विभाजन के लिए उत्तरदायी कारणों की व्याख्या कीजिए । *10*

"Non-Cooperation Movement became the name of an epoch in the life of India and of Gandhiji." Explain this statement of American biographer Louis Fischer.

**OR**

Explain the factors responsible for the partition of India during 1947.

**13.** अकबर के *सुलह-ए-कुल* के आदर्श को प्रबुद्ध शासन की आधारशिला बताया गया है । विश्लेषण कीजिए । मुगल काल में इतिवृत्तों की रचना किस प्रकार होती थी ? स्पष्ट कीजिए । *5+5=10*

**अथवा**

अकबर के शासनकाल के स्रोत के रूप में *आइन-ए-अकबरी* के महत्त्व व सीमाओं को स्पष्ट कीजिए । *10*

Analyze the ideal of *Sulh-i-kul* of Akbar as the cornerstone of enlightened rule. How were chronicles produced during the Mughal era ? Explain.

**OR**

Explain the importance and limitations of *Ain-i-Akbari* as a source of Akbar's reign.

## खण्ड घ (स्रोत आधारित प्रश्न)

## PART D (Source Based Questions)

**14.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**हौज़ों/जलाशयों का निर्माण किस प्रकार होता था ?**

कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गए जलाशय के विषय में पेस लिखता है :

> राजा ने एक जलाशय बनवाया … दो पहाड़ियों के मुख-विबर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो, इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है जो बाहरी शृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गए थे । यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है । जलाशय में तीन विशाल स्तंभ बने हैं जिन पर खूबसूरती से चित्र उकेरे गए हैं; ये ऊपरी भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं जिनसे ये अपने बगीचों तथा धान के खेतों की सिंचाई के पानी लाते हैं । इस जलाशय को बनाने के लिए इस राजा ने एक पूरी पहाड़ी को तुड़वा दिया … जलाशय में मैंने इतने लोगों को कार्य करते देखा कि वहाँ पन्द्रह से बीस हज़ार आदमी थे, चींटियों की तरह …

(14.1) पेस ने कृष्णदेव राय द्वारा बनाए गए हौज़ों का वर्णन किस प्रकार किया है ? *3*

(14.2) राजा ने जलाशय क्यों बनवाए ? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए । *3*

(14.3) विजयनगर साम्राज्य में पेस ने जिन सिंचाई के साधनों को देखा, उनका उल्लेख कीजिए । *2*

## अथवा

**वर्ण व्यवस्था**

अल-बिरूनी वर्ण व्यवस्था का इस प्रकार उल्लेख करता है :

> सबसे ऊँची जाति ब्राह्मणों की है जिनके विषय में हिंदुओं के ग्रंथ हमें बताते हैं कि वे ब्रह्मन् के सिर से उत्पन्न हुए थे और क्योंकि ब्रह्म, प्रकृति नामक शक्ति

का ही दूसरा नाम है, और सिर ... शरीर का सबसे ऊपरी भाग है, इसलिए ब्राह्मण पूरी प्रजाति के सबसे चुनिंदा भाग हैं । इसी कारण से हिंदु उन्हें मानव जाति में सबसे उत्तम मानते हैं ।

अगली जाति क्षत्रियों की है जिनका सृजन, ऐसा कहा जाता है, ब्रह्मन् के कंधों और हाथों से हुआ था । उनका दर्जा ब्रह्मणों से अधिक नीचे नहीं है ।

उनके पश्चात वैश्य आते हैं जिनका उद्‌भव ब्रह्मन् की जंघाओं से हुआ था ।

शूद्र, जिनका सृजन उनके चरणों से हुआ था ।

अंतिम दो वर्गों के बीच अधिक अंतर नहीं है । लेकिन इन वर्गों के बीच भिन्नता होने पर भी ये एक साथ एक ही शहरों और गाँवों में रहते हैं, समान घरों और आवासों में मिल-जुल कर ।

(14.1) अल-बिरूनी द्वारा वर्णित वर्ण व्यवस्था का विवरण दीजिए । *3*

(14.2) उसने इस व्यवस्था को सामाजिक प्रदूषण क्यों कहा था ? *3*

(14.3) यह व्यवस्था प्रकृति के नियमों के विरुद्ध क्यों थी ? कारण दीजिए । *2*

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

**How tanks were built**

About a tank constructed by Krishnadeva Raya, Paes wrote :

The king made a tank ... at the mouth of two hills so that all the water which comes from either one side or the other collects there; and, besides this, water comes to it from more than three leagues (approximately 15 kilometres) by pipes which run along the lower parts of the range outside.

> This water is brought from a lake which itself overflows into a little river. The tank has three large pillars handsomely carved with figures; these connect above with certain pipes by which they get water when they have to irrigate their gardens and rice-fields. In order to make this tank the said king broke down a hill ... In the tank I saw so many people at work that there must have been fifteen or twenty thousand men, looking like ants ...

(14.1) How has Paes described the tanks built by Krishnadeva Raya ?

(14.2) Why did the king construct the tanks ? State any three reasons.

(14.3) Mention the distinctive ways of irrigation Paes has observed in the Vijayanagara Empire.

**OR**

**The system of varnas**

This is Al-Biruni's account of the system of varnas :

> The highest caste are the Brahmana, of whom the books of the Hindus tell us that they were created from the head of Brahman. And as the Brahman is only another name for the force called *nature*, and the head is the highest part of the ... body, the Brahmana are the choice part of the whole genus. Therefore the Hindus consider them as the very best of mankind.

The next caste are the Kshatriya, who were created, as they say, from the shoulders and hands of Brahman. Their degree is not much below that of the Brahmana.

After them follow the Vaishya, who were created from the thigh of Brahman.

The Shudra, who were created from his feet ...

Between the latter two classes there is no very great distance. Much, however, as these classes differ from each other, they live together in the same towns and villages, mixed together in the same houses and lodgings.

(14.1) Give an account of the system of varnas described by Al-Biruni.

(14.2) Why did he call it as a social pollution ?

(14.3) Why is this system contrary to the law of nature ? Give reasons.

**15.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**"जी नहीं, असली अल्पसंख्यक इस देश की जनता है"**

जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत किए गए उद्देश्य प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एन.जी. रंगा ने कहा था :

महोदय, अल्पसंख्यकों के बारे में बहुत बातें हो रही हैं । असली अल्पसंख्यक कौन हैं ? तथाकथित पाकिस्तानी प्रांतों में रहने वाले हिंदू, सिख और यहाँ तक मुसलमान भी अल्पसंख्यक नहीं हैं । जी नहीं, असली अल्पसंख्यक तो इस देश की जनता है । यह जनता इतनी दबी-कुचली और इतनी उत्पीड़ित है कि अभी तक साधारण नागरिक के अधिकारों का लाभ भी नहीं उठा पा रही है । स्थिति क्या है ? आप आदिवासी इलाकों में जाइए । उनके अपने कानूनों, उनके जनजातीय कानूनों, उनकी ज़मीन को उनसे नहीं छीना जा सकता । लेकिन हमारे

व्यापारी वहाँ जाते हैं, और तथाकथित मुक्त बाज़ार के नाम पर उनकी ज़मीन छीन लेते हैं । भले ही कानून ज़मीन की इस बेदखली के खिलाफ़ हो, व्यापारी इन आदिवासियों को तरह-तरह के बंधनों में जकड़कर गुलाम बना लेते हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी दासता के नर्क में ढकेल देते हैं । आइए अब आम गाँव वालों को देख लेते हैं । वहाँ सूदखोर पैसा लेकर जाता है और गाँव वालों को अपनी जेब में डाल लेता है । वहाँ ज़मींदार हैं और मालगुजार व अन्य लोग हैं जो इन गरीब देहातियों का शोषण करते हैं । इन लोगों में मूलभूत शिक्षा तक नहीं है । असली अल्पसंख्यक यही लोग हैं जिन्हें सुरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन मिलना चाहिए । उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केवल इस प्रस्ताव से काम चलने वाला नहीं है ... ।

*संविधान सभा बहस, खंड 2*

(15.1) एन.जी. रंगा के अनुसार अल्पसंख्यक कौन हैं ? *2*

(15.2) ये अल्पसंख्यक समुदाय किस प्रकार व्यापारियों द्वारा शोषित हो रहे थे ? *4*

(15.3) ऐसे अल्पसंख्यक समुदायों को किस प्रकार सुरक्षा प्रदान की जा सकती है ? अपने सुझाव दीजिए । *2*

**अथवा**

**वनों की बटाई और स्थायी कृषि के बारे में**

निचली राजमहल की पहाड़ियों में एक गाँव से गुजरते हुए, बुकानन ने लिखा :

इस प्रदेश का दृश्य बहुत ही बढ़िया है; यहाँ की खेती विशेष रूप से घुमावदार संकरी घाटियों में धान की फ़सल, बिखरे हुए पेड़ों के साथ साफ़ की गई ज़मीन, और चट्टानी पहाड़ियाँ सभी अपने आप में पूर्ण हैं, कमी है तो बस इस क्षेत्र में कुछ प्रगति की और विस्तृत तथा उन्नत खेती की, जिनके लिए यह प्रदेश अत्यंत संवेदनशील है । यहाँ लकड़ी की जगह टसर और लाख के लिए

आवश्यकतानुसार बड़े-बड़े बागान लगाए जा सकते हैं; बाक़ी जंगल को भी साफ़ किया जा सकता है, और जो भाग इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त न हो वहाँ पनई ताड़ और महुआ के पेड़ लगाए जा सकते हैं ।

(15.1) बुकानन के मत के अनुसार राजमहल की पहाड़ियों को किस प्रकार उत्पादक बनाया जा सकता है ? उल्लेख कीजिए । *3*

(15.2) बुकानन की दृष्टि और विकास पर प्राथमिकताएँ किस प्रकार स्थानीय निवासियों से भिन्न थीं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

(15.3) राजमहल की पहाड़ियों के निवासियों ने बुकानन के उत्पादन से सम्बन्धित विचारों को किस प्रकार महसूस किया है ? *2*

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

**"The real minorities are the masses of this country"**

Welcoming the Objectives Resolution introduced by Jawaharlal Nehru, N.G. Ranga said :

Sir, there is a lot of talk about minorities. Who are the real minorities ? Not the Hindus in the so-called Pakistan provinces, not the Sikhs, not even the Muslims. No, the real minorities are the masses of this country. These people are so depressed and oppressed and suppressed till now that they are not able to take advantage of the ordinary civil rights. What is the position ? You go to the tribal areas.

According to law, their own traditional law, their tribal law, their lands cannot be alienated. Yet our merchants go there, and in the so-called free market they are able to snatch their lands. Thus, even though the law goes against this snatching away of their lands, still the merchants are able to turn the tribal people into veritable slaves by various kinds of bonds, and make them hereditary bond-slaves. Let us go to the ordinary villagers. There goes the money-lender with his money and he is able to get the villagers in this pocket. There is the landlord himself, the zamindar, and the *malguzar* and there are the various other people who are able to exploit these poor villagers. There is no elementary education even among these people. These are the real minorities that need protection and assurances of protection. In order to give them the necessary protection, we will need much more than this Resolution ...

*CAD,* VOL. II

(15.1) Who come under minorities, according to N.G. Ranga ?

(15.2) How were these communities being exploited by the merchants ?

(15.3) How can these minority communities be protected ? Give your suggestions.

**OR**

**On clearance and settled cultivation**

Passing through one village in the lower Rajmahal hills, Buchanan wrote :

> The view of the country is exceedingly fine, the cultivation, especially the narrow valleys of rice winding in all directions, the cleared lands with scattered trees, and the rocky hills are in perfection; all that is wanted is some appearance of progress in the area and a vastly extended and improved cultivation, of which the country is highly susceptible. Plantations of Asan and Palas, for Tessar (Tassar silk worms) and Lac, should occupy the place of woods to as great an extent as the demand will admit; the remainder might be all cleared, and the greater part cultivated, while what is not fit for the purpose, might rear Plamira (palmyra) and Mowa (*mahua*).

(15.1) Mention about Buchanan's opinion of how the land of Rajmahal hills could be made more productive.

(15.2) How were Buchanan's vision and priorities on development different from the local inhabitants ? Explain.

(15.3) Explain how the inhabitants of the Rajmahal hills felt about Buchanan's ideas of production.

**16.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सीमाओं का महत्त्व**

*मनुस्मृति* आरंभिक भारत का सबसे प्रसिद्ध विधिग्रंथ है । इसे संस्कृत भाषा में दूसरी शताब्दी ई.पू. और दूसरी शताब्दी ई. के बीच लिखा गया था । इस ग्रंथ में राजा को यह सलाह दी गई है :

> चूँकि सीमाओं की अनभिज्ञता के कारण विश्व में बार-बार विवाद पैदा होते हैं इसलिए उसे सीमाओं की पहचान के लिए गुप्त निशान ज़मीन में गाड़ कर रखने चाहिए जैसे कि पत्थर, हड्डियाँ, गाय के बाल, भूसी, राख, खपटे, गाय के सूखे गोबर, ईंट, कोयला, कंकड़ और रेत । उसे सीमाओं पर इसी प्रकार के और तत्त्व भूमि में छुपा कर गाड़ने चाहिए जो समय के साथ नष्ट न हों ।

(16.1) दूसरी शताब्दी ई.पू. और दूसरी शताब्दी ई. के बीच विश्व में लगातार उत्पन्न विवादों का उल्लेख कीजिए । *3*

(16.2) इन विवादों को सुलझाने के लिए राजा को क्या सलाह दी गई है ? *3*

(16.3) विवादों को सुलझाने के लिए ये सलाहें किस प्रकार उपयोगी थीं ? *2*

**अथवा**

### माता की सलाह

महाभारत में उल्लेख मिलता है कि जब कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध अवश्यंभावी हो गया तो गांधारी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन से युद्ध न करने की विनती की :

> शांति की संधि करके तुम अपने पिता, मेरा तथा अपने शुभेच्छुकों का सम्मान करोगे... विवेकी पुरुष जो अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है वही अपने राज्य की रखवाली करता है । लालच और क्रोध आदमी को लाभ से दूर खदेड़कर ले जाते हैं; इन दोनों शत्रुओं को पराजित कर राजा समस्त पृथ्वी को जीत सकता है... हे पुत्र तुम विवेकी और वीर पांडवों के साथ सानंद इस पृथ्वी का भोग करोगे... युद्ध में कुछ भी शुभ नहीं होता, ना धर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है और ना ही प्रसन्नता की; युद्ध के अंत में सफलता मिले यह भी ज़रूरी नहीं... अपने मन को युद्ध में लिप्त मत करो...

दुर्योधन ने माँ की सलाह नहीं मानी, वह युद्ध में लड़ा और हार गया ।

(16.1) अनुच्छेद के अनुसार एक राजा पृथ्वी को किस प्रकार जीत सकता है ? *2*

(16.2) परिवारिक झगड़ों के संबंध में युद्ध पर गांधारी के विचारों का उल्लेख कीजिए । *3*

(16.3) गांधारी की अपने बेटे से की गई विनती को स्पष्ट कीजिए । *3*

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

### The Importance of Boundaries

The *Manusmrti* is one of the best-known legal texts of early India, written in Sanskrit and compiled between c. second century BCE and c. second century CE. This is what the text advises the king to do :

> Seeing that in the world controversies constantly arise due to the ignorance of boundaries, he should ... have ... concealed boundary markers buried – stones, bones, cow's hair, chaff, ashes,

potsherds, dried cow dung, bricks, coal, pebbles and sand. He should also have other similar substances that would not decay in the soil buried as hidden markers at the intersection of boundaries.

(16.1) Mention the controversies that constantly arose in the world during second century BCE and second century CE.

(16.2) What advices were given to the king to solve these controversies ?

(16.3) How were these advices useful to solve the controversies ?

## OR

### A mother's advice

The *Mahabharata* describes how, when war between the Kauravas and the Pandavas became almost inevitable, Gandhari made one last appeal to her eldest son Duryodhana :

> By making peace you honour your father and me, as well as your well-wishers ... it is the wise man in control of his senses who guards his kingdom. Greed and anger drag a man away from his profits; by defeating these two enemies a king conquers the earth ... You will happily enjoy the earth, my son, along with the wise and heroic Pandavas ... There is no good in a war, no law *(dharma)* and profit *(artha)*, let alone happiness : nor is there (necessarily) victory in the end – don't set your mind on war ...

Duryodhana did not listen to this advice and fought and lost the war.

(16.1) How can a king conquer the earth as described in the extract ?

(16.2) Mention the views of Gandhari on war arising out of family feud.

(16.3) Explain about Gandhari's appeal to her son.

**खण्ड ङ**

**PART E**

**(मानचित्र प्रश्न / Map Question)**

**17.** (17.1) **भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए : *2*

(क) अमरावती स्तूप

(ख) नागेश्वर

(17.2) **भारत** के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के महत्त्वपूर्ण केन्द्र 1, 2 और 3 अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *3*

(17.1) On the given political outline map of **India** (on page 19), locate and label the following :

(a) Amravati Stupa

(b) Nageshwar

(17.2) On the same outline map of **India** (on page 19), three places related to the Indian National Movement have been marked as 1, 2 and 3. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए (प्र. सं. 17) के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 17 :*

(17.1) किन्हीं दो विकसित हड़प्पा पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए ।$ *2*

(17.2) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण स्थानों का उल्लेख कीजिए । *3*

(17.1) Mention any two mature Harappan sites.

(17.2) Mention name any three important places related with Indian National Movement.

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**

